### पंचायतन मंदिर निर्माण का हुआ शिलान्यास

# एकात्मधाम के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य पंचायतन मंदिर का शिलान्यास किया।

संतों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम को आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि एकात्म धाम केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकात्मता का केंद्र बनेगा। आदि शंकराचार्य ने विभिन्न उपासना पद्धतियों में समन्वय स्थापित करने के लिए पंचायतन पूजन परंपरा को प्रतिष्ठित किया था। यह मंदिर उसी महान परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। राज्य सरकार प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 से पहले भव्य एकात्म यात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन सिंहस्थ के दौरान होगा। यह यात्रा भारतीय ज्ञान परंपरा और संत परंपरा का संदेश देश-दुनिया तक पहुंचाएगी।

**प्राचीन नागर स्थापत्य शैली पर आधारित होगा**

उन्होंने कहा कि मांधाता पर्वत पर विकसित हो रहा एकात्म धाम आने वाले समय में आध्यात्मिक प्रेरणा और आत्मिक शांति का प्रमुख केंद्र बनेगा। ओंकारेश्वर और उज्जैन दोनों धाम विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं।

पंचायतन मंदिर प्राचीन नागर स्थापत्य शैली पर आधारित होगा। मंदिर के केंद्र में भगवान शिव का मुख्य देवालय होगा, जबकि चारों दिशाओं में भगवान विष्णु, सूर्य, गणेश और भगवती शक्ति के मंदिर स्थापित किए जाएंगे। मंदिर निर्माण में नक्काशीदार गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया जा रहा है।

# रीना और ज्योतिबाला को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए मध्यप्रदेश के दो व्यावसायिक प्रशिक्षण अधिकारियों का चयन किया गया है। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने दोनों अधिकारियों को बधाई देते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया।

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए देशभर से प्रशिक्षण अधिकारियों का चयन किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), उज्जैन की प्रशिक्षण अधिकारी रीना गुप्ता और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर की प्रशिक्षण अधिकारी ज्योतिबाला राठौर को स्थान मिला है।

रीना गुप्ता का चयन दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया है। उन्होंने दिव्यांग युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। वहीं ज्योतिबाला राठौर का चयन व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुआ है।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 का सम्मान समारोह 5 सितंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित होगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को सम्मानित करेंगी। पुरस्कार के तहत प्रशस्ति प्रमाण-पत्र, 50 हजार रुपये की राशि और पदक प्रदान किया जाएगा।

# बालाघाट में जन समस्याएं सुनेंगे मुख्यमंत्री, प्रदेशभर में चलेगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त शनिवार को बालाघाट जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान में शामिल होंगे। रक्षाबंधन अवकाश के कारण इस बार अभियान का आयोजन 29 अगस्त को पूरे प्रदेश में किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। डॉ. यादव बालाघाट में जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन के तहत चिन्हित शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सीधे सुनेंगे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक, योजनाओं की समीक्षा, मीडिया संवाद और उद्योग संवाद भी आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में जन-विश्वास अभियान के तहत शासकीय आवासीय संस्थाओं, छात्रावासों, आश्रमों और आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री और अधिकारी वहां रह रहे विद्यार्थियों व युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा करेंगे।

# राज्यपाल ने रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं

**नप्र, भोपाल :** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राखी का पर्व, भाई-बहन के स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह त्योहार हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति के गरिमामय उत्कर्ष का प्रतीक है। हमें भाई-बहन के पवित्र प्रेम, पारिवारिक समरसता और सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा देता है।

### हाईकोर्ट ने खारिज की शासन की अपील

# प्रदेश के डाटा एंट्री ऑपरेटरों को 2400 ग्रेड पे का लाभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बड़ी राहत मिली है। ग्वालियर खंडपीठ की डबल बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटरों को 2400 की जगह 1900 ग्रेड पे दिए जाने के निर्णय को चुनौती दी गई थी। इस फैसले से प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत करीब 50 हजार डाटा एंट्री ऑपरेटरों को लाभ मिलेगा।

**ग्वालियर खंडपीठ के फैसले से प्रदेश के करीब 50 हजार संविदा कर्मचारियों को मिलेगा फायदा**

मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की समकक्षता निर्धारण में सातवें वेतनमान के अनुसार उनका वेतन 1900 ग्रेड पे और लेवल-4 निर्धारित किया गया था। जबकि कर्मचारी लंबे समय से 2400 ग्रेड पे के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे थे। इस मामले में डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में याचिका दायर की थी। सिंगल बेंच ने आदेश जारी करते हुए 1900 ग्रेड पे के निर्धारण को निरस्त कर 2400 ग्रेड पे देने के निर्देश दिए थे। इसके विरुद्ध राज्य शासन ने डबल बेंच में अपील की थी, जिसे न्यायमूर्ति जीएस आहलुवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की पीठ ने खारिज कर दिया।

रमेश राठौर ने कहा कि इस निर्णय से उन संविदा कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा, जिनके वेतनमान निर्धारण में विसंगतियां हुई हैं।

### स्व.मालू की स्मृतियों को किया याद, परिवार से साझा किए पुराने संस्मरण

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया पहुंचे स्व. मालू के निवास



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने एक दिवसीय इंदौर प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय गोविंद मालू के निवास स्थान पहुंचकर मालू परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ पुरानी स्मृतियों को साझा किया और आत्मीय संबंधों को याद किया।

मालू परिवार के लव मालू, हरि मालू और वासुदेव मालू ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया का पारंपरिक रूप से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान पारिवारिक सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर सिंधिया ने श्रीमती ऊष्मा मालू के जन्मदिवस के मौके पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सेम पावरी, पार्षद राजीव जैन, विनोद खंडेलवाल, अमित विजयवर्गीय, शैलेंद्र राठौर, अमित जैन उपस्थित रहे।

# खेलो इंडिया संवाद से वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात पीएम मोदी के साथ' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं से संवाद किया। जबलपुर के शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 1600 संस्थानों से जुड़े 8 लाख से अधिक युवाओं से वर्चुअली संवाद किया।

# पुलिस मुख्यालय के चर्चे...

डॉ. शिशिर उपाध्याय

### • फरारी या आंख-मिचौली




जो कल तक एफआईआर दर्ज होते ही गिरफ्तारी के लिए साथी अधिकारी एवं थाना प्रभारी पर तत्काल कार्रवाई करने का दबाव डालते थे, वे ही अब कानून से आंख-मिचौली खेलते नजर आ रहे हैं।

### • साहब, नियम तो सभी के लिए होते हैं...




युवा अधिकारी यह नहीं समझ पाते कि नियम-कानून कायदों की परिभाषा सभी के लिए अलग-अलग है। पिछले दिनों एक माननीय के मामले में बड़ी कार्रवाई के दौरान एक ही समय में एक जैसे अपराध पर दो तरह की कार्रवाई में युवा अधिकारी को यह समझना पड़ा कि बड़े लोगों, माननीय के रिश्तेदारों एवं उद्योगपतियों जैसे बड़े लोगों को मुरव्वत और गरीब छोटे परिवारों पर कानून का डंडा।

### • वो करें तो रामलीला, हम करें तो...




एक सीमावर्ती जिले में बड़े साहब ने पिछले दिनों अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। अब साहब ऐसी ही गलती करते हुए सामने आए। पूछने पर उनकी प्रतिक्रिया थी कि हमने कुछ गलत नहीं किया। अब लोग यह चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं कि वो करें तो रामलीला, हम करें तो रासलीला।

### • मैडम का गुस्सा



राजधानी से कुछ दूर एक जिले में एक महिला अधिकारी को गलत बर्दाश्त नहीं होता। यही कारण है कि मैडम को गुस्सा आ जाता है। एक माननीय के गलत आदमी की सिफारिश पर पहले शांत रहीं मैडम, लेकिन जब माननीय ने बार-बार दबाव बनाया तो मैडम ने जमकर फटकार लगाते हुए गलत की सिफारिश पर कोई मदद न करने की बात कही।

### • वीवीआईपी भगवान के सामने



श्रावण मास के दौरान मध्यप्रदेश के ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने देशभर से भक्त आते हैं। भीड़ में वीवीआईपी भक्तों के कारण अव्यवस्था फैलती नजर आते ही एक युवा अधिकारी ने सभी वीवीआईपी माननीयों को इंतजार क्या करवा दिया, भारी हंगामा हो गया। ऊपर से दबाव भी आया, लेकिन जनहित और सुव्यवस्था के लिए साहब अड़े रहे।

### • छोड़ना भी है, कार्रवाई भी...



लंबे समय से राजधानी में ऊपर से आए आदेश पर जमकर चेकिंग अभियान चलाया गया, लेकिन साहब, राजधानी है। यहां हर दूसरा आदमी किसी न किसी बड़े माननीय या साहब से फोन करवा देता है। एक वाहन, जो नियमविरुद्ध सड़कों पर पर्यटन कर रहा था, उसे रोकने पर न कागज, न फिटनेस, न लाइसेंस, न पॉल्यूशन। लेकिन फिर भी छोड़ना पड़ा, कारण बड़े साहब का फोन आया था।

# मालवा एक्सप्रेस में हार्ट अटैक के बाद गार्ड और यात्रियों ने की मदद

**नप्र, भोपाल :** सीहोर से दिल्ली जा रही मालवा एक्सप्रेस में एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। युवक को उल्टियां होने लगीं और चक्कर आने के कारण वह खड़ा नहीं हो पा रहा था। निशातपुरा स्टेशन के पास ट्रेन रुकने पर गार्ड और यात्रियों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। रेलवे के अनुसार एस-6 कोच में सफर कर रहे 24 वर्षीय गौरव की हालत खराब होने की सूचना ड्राइवर ने गार्ड पीके सिंह को दी। युवक के साथ उसकी मां और बहन मौजूद थीं। परिजनों ने ट्रेन में डॉक्टर और एंबुलेंस बुलाने की मांग की, क्योंकि वे अकेले युवक को उतारकर सड़क तक ले जाने में असमर्थ थे।

**निशातपुरा स्टेशन पर आधे घंटे रुकी ट्रेन, समय पर मिली सहायता**

गार्ड ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि पहले मरीज को अस्पताल पहुंचाना जरूरी है। इसके बाद चार-पांच यात्रियों की मदद से युवक को कोच से उतारा गया और उसे ऑटो तक पहुंचाया गया। इस प्रक्रिया में ट्रेन करीब 30 मिनट तक रुकी रही। युवक को अस्पताल भेजने के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

परिजनों के अनुसार वे उत्तर प्रदेश के बस्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं और वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं। वे सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम से लौट रहे थे। युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने रेलवे गार्ड और यात्रियों का आभार जताया।

# श्रद्धांजलि सभाः राहत राशि जुटाने का निर्णय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर, गोविंदपुरा में नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। समाज के लोगों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। समाज अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने कहा कि नेपाल में बाढ़ से हुई जन-धन की क्षति दुखद है। भोपाल का नेपाली समाज प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। पीड़ितों की सहायता के लिए राहत राशि एकत्र करने का कार्य शुरू किया गया है। समाज ने सभी प्रभावितों के लिए शक्ति और धैर्य की प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री ने ए. बालकृष्णन के निधन पर जताया दुःख

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विवेकानंद केंद्र, कन्या कुमारी और विवेकानंद रॉक मेमोरियल के अध्यक्ष रहे। ए. बाल कृष्णन के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि श्री बालकृष्णन ने राष्ट्र सेवा को साधना माना था। अपने लगभग 9 दशक के जीवन में उन्होंने समाज जागरण, पूर्वोत्तर भारत में शिक्षा के विस्तार और युवाओं में सेवा और राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया।

# नारियल के खोल से बनी कलाकृति में दिखेगी पश्चिम बंगाल की लोक परंपरा

### मानव संग्रहालय में अगस्त माह के विशेष प्रादर्श का होगा उद्घाटन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, में अगस्त माह के विशेष प्रादर्श मनसा बाड़ी/मनसा घट – एक कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस लोक कलाकृति का उद्घाटन 28 अगस्त को शाम 4 बजे किया जाएगा।

पश्चिम बंगाल के बाँकुड़ा जिले की लोक परंपरा से जुड़ी यह अनूठी कलाकृति नारियल के खोल से निर्मित है। यह नाग देवी मनसा की पूजा से संबंधित लोक आस्था, धार्मिक परंपरा और पारंपरिक शिल्पकौशल का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

प्रादर्श का उद्घाटन बी. राहुल, भारतीय प्रशासनिक सेवा, प्रोजेक्ट ऑफिसर, आईटीडीए भद्राचलम तेलंगाना द्वारा किया जाएगा। में संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे, डॉ. पी. शंकर राव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

मनसा बाड़ी पश्चिम बंगाल के बाँकुड़ा जिले के कोडकुनी गांव से संग्रहालय की सहायक कीपर डॉ. सुदीपा रॉय द्वारा संकलित की गई है। नारियल के खोल से निर्मित इस कलाकृति में नाग, सर्पफण और अन्य पारंपरिक धार्मिक आकृतियों का सूक्ष्म अंकन किया गया है।

संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि इस प्रादर्श के माध्यम से पश्चिम बंगाल की पारंपरिक शिल्प परंपरा, धार्मिक मान्यताओं और प्राकृतिक सामग्री के रचनात्मक उपयोग को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इसका संयोजन सहायक कीपर राजेंद्र झारिया द्वारा किया जा रहा है।

**जप्ती** *35 दिन तक 10 राज्यों में कार्रवाई, एक करोड़ 73 लाख रुपये नकद सहित 2.92 करोड़ की संपत्ति जब्त*

# राजगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के 14 आरोपियों को पकड़ा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, राजगढ़ः** राजगढ़ पुलिस ने पैसे दोगुने करने का झांसा देकर करीब दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 14 आरोपितों को गिरफ्तार कर एक करोड़ 73 लाख रुपये नकद, चार चार पहिया वाहन और 19 एंड्रॉयड मोबाइल सहित करीब 2.92 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

ब्यावरा निवासी फरियादी ने 24 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपितों ने खुद को बड़ी कंपनी से जुड़े लोगों का परिचित बताकर निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच दिया था। फर्जी ई-मेल, दस्तावेज और भुगतान संदेश दिखाकर फरियादी का विश्वास हासिल किया गया। इसके बाद भोपाल में उससे दो करोड़ रुपये नकद लिए गए। आरोपितों ने चार करोड़ रुपये के आरटीजीएस का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर उसे भुगतान होने का भरोसा दिलाया।

मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ ने 10 विशेष टीमें गठित कीं। टीमों ने तीन हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और करीब 30 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर 35 दिनों तक कार्रवाई की। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा सहित 10 राज्यों में दबिश देकर आरोपितों को पकड़ा गया।

जांच में सामने आया कि गिरोह फर्जी कंपनी प्रतिनिधि, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य अधिकारियों के रूप में खुद को प्रस्तुत करता था। नकद राशि हवाला और आंगड़िया नेटवर्क के जरिए अलग-अलग स्थानों तक पहुंचाई जाती थी। आरोपित अपने वास्तविक नाम छिपाकर व्यापारिक नामों का उपयोग करते थे। पुलिस को गिरोह द्वारा अन्य स्थानों पर भी धोखाधड़ी की योजना और घटनाओं की जानकारी मिली है। जब्त मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी जांच जारी है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com